घर की चाबी मिली तो छलक पड़ी आंखें

महापौर प्रीति सूरी ने हितग्राहियों को सौंपे पीएम आवास योजना में बने मकान

कटनी, देशबन्धु। हमारा अपना घर हो, यह ख्वाब हर कोई देखता है। इस ख्वाब को पूरा कर पाना सबके नसीब में नहीं होता। आज कुछ इसी तरह का सपना संजोए एक सैकड़ा से भी अधिक परिवारों को महापौर प्रीति संजीव सूरी ने उनके अपने घर की चाबी सौंपी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आज एक सैकड़ा परिवार अपना घर हासिल कर सके। इस दौरान उनकी भावनाएं भी छलक उठी। यहां पर अधिकतर लोग अपने घर की चाभी लेने पूरे परिवार के साथ पहुंचे थे।

सभी के चेहरे पर बिखरी मुस्कान और चेहरे पर बेताबी, बयां कर रही थी कि यह पल उनके जीवन में कितना महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपने पक्के घर का लंबे समय से इंतजार कर रहे 102 पात्र हितग्राहियों के लिए बुधवार का दिन खुशियों से भरा रहा। नगर पालिक निगम कटनी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक के अंतर्गत प्रेमनगर बस्ती में निर्मित 102 आवासों का पारदर्शी लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से आवंटन किया गया। आवास आवंटन कार्यक्रम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान पात्र हितग्राहियों को उनके आवास आवंटन पत्र प्रदान किए गए।

हितग्राहियों ने अपने हाथों से चुना अपना आशियाना-

निगम प्रशासन द्वारा आवास आवंटन की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाए रखते हुए पात्र हितग्राहियों को स्वयं लॉटरी के माध्यम से आवास चुनने का अवसर दिया गया। हितग्राहियों द्वारा पर्चियां निकालकर आवास क्रमांक का चयन किया गया। लॉटरी में जैसे-जैसे हितग्राताओं के नाम और आवास क्रमांक सामने आते गए, वैसे-वैसे कार्यक्रम स्थल पर उत्साह और खुशी का माहौल बनता गया। कई हितग्राहियों के लिए यह क्षण विशेष भावुक करने वाला रहा, क्योंकि लंबे समय से स्वयं के पक्के मकान का सपना संजोए परिवारों को अब अपना आशियाना मिलने की खुशी मिली।

102 परिवारों के पक्के घर का सपना हुआ साकार-

प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से प्रेमनगर में निर्मित 102 आवासों का आवंटन शहर के उन परिवारों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो लंबे समय से अपने स्वयं के पक्के मकान की प्रतीक्षा कर रहे थे। आवास मिलने से इन परिवारों को न केवल सुरक्षित एवं स्थायी आवास उपलब्ध होगा, बल्कि उनके जीवन में स्थायित्व और बेहतर भविष्य की नई उम्मीद भी जुड़ी है। प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं पात्र परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। इसी दिशा में नगर पालिक निगम कटनी द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। योजना के नोडल अधिकारी अनिल जायसवाल ने बताया कि आवास आवंटन की पूरी प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं मापदंडों के अनुसार पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई गई। पात्र हितग्राहियों को लॉटरी के माध्यम से स्वयं आवास चुनने का अवसर दिया गया, जिससे आवंटन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और सभी पात्र हितग्राहियों को समान अवसर प्राप्त हो।

रीठी पुलिस को मिली सफलता, वारदात के बाद से दे रहा था चकमा

हत्या का आरोपी 5 साल बाद इटारसी से गिरफ्तार

कटनी, देशबन्धु। थाना प्रभारी रीठी के नेतृत्व में रीठी पुलिस ने हत्या के मामले में पिछले 05 वर्षों से फरार आरोपी को इटारसी से गिरफ्तार किया हैं। 2 फरवरी 2022 को तत्कालीन थाना प्रभारी रीठी द्वारा मर्ग क्रमांक 12/22 में मृतक चरसलाल पारधी पिता रामरस पारधी, निवासी ललितपुर बूढ़ा की मृत्यु की जांच की गई।

जांच के दौरान पाया गया कि आरोपीगण जोनस लाल पारधी, रूल बाबू पारधी एवं चंसूर उर्फ बिस्किटलाल पारधी द्वारा लोहे की रॉड एवं बरछी से मारपीट कर चरसलाल पारधी की हत्या कर दी गई थी।

घटना के दौरान बीच-बचाव करने आए अजूबा पारधी एवं टन्नी पारधी के साथ भी मारपीट की गई। घटना के संबंध में थाना रीठी में अपराध क्रमांक 33/22, धारा 302, 324 भादवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए थे। रीठी पुलिस द्वारा लगातार फरार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि हत्या के प्रकरण में फरार आरोपी रूलबाबू पारधी वर्तमान में इटारसी, नर्मदापुरम में मौजूद है। सूचना की तस्दीक कर पुलिस टीम को तत्काल इटारसी रवाना किया गया। टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी रूलबाबू पारधी को इटारसी रेलवे स्टेशन के पास से 05 वर्ष बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

इनकी भूमिका उल्लेखनीय

इस कार्रवाई में निरीक्षक मोहम्मद शाहिद, उप निरीक्षक दिनेश चौहान, प्रधान आरक्षक अजय मेहरा, प्रधान आरक्षक नितेश दुबे, आरक्षक शमशेर सिंह, आरक्षक अमन सिंह थाना रीठी एवं सायबर सेल से शुभम गौतम की सराहनीय भूमिका रही।

सार-समाचार

कीचड़ और दलदल से भरा मुक्तिधाम का रास्ता

उमरियापान, देशबन्धु। अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील और भावुक समय पर लोगों को कीचड़ और बदहाली से होकर गुजरना पड़े, तो यह दुख और बढ जाता है। इसके बाद भी मुक्तिधाम के रास्ता के निर्माण की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। जिससे बारिश के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। उमरियापान के कुदवारी मोहल्ला स्थित मुक्तिधाम में अव्यवस्थाओं के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहां न तो अंतिम संस्कार के लिए टीन शेड की व्यवस्था है और न ही मुक्तिधाम तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क। बारिश के दिनों में कच्चे रास्ते पर कीचड़ होने से लोगों के लिए मुक्तिधाम तक पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं है। सोमवार को कुदवारी मोहल्ला निवासी मनोहर बर्मन 50 वर्ष का निधन हो गया था। अंतिम संस्कार के लिए पहुंचे परिजनों, नाते-रिश्तेदारों और ग्रामीणों को कीचड़ से सराबोर रास्ते से गुजरकर मुक्तिधाम तक पहुंचना पड़ा। वहीं मुक्तिधाम में फैली झाड़ियों की वजह से अंतिम संस्कार दौरान लोगों को परेशानी का सामना करना पडता है। ग्रामीणों का कहना है कि कुदवारी मोहल्ले के मुक्तिधाम के निर्माण और विकास को लेकर कई बार मांग की जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक यहां टीन शेड, पक्की सड़क और अन्य जरूरी सुविधाओं का निर्माण नहीं कराया गया। ग्रामीणों ने ग्रामपंचायत उमरियापान का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कुदवारी मोहल्ले के मुक्तिधाम पहुंच मार्ग और टीन शेड का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

अभाविप ने प्रभारी प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

बरही, देशबन्धु। जिले की बरही नगर में संचालित शासकीय महाविद्यालय जहां छात्राओं को विद्यालय में पढ़ने के लिए कई तरह के अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ता है। कई वर्षों से उनके वाजिब मांगों को मुख्य जिम्मेदारों के द्वारा अन सुना कर दिया जाता है। जिससें छात्राओं को छात्र संख्या के अनुसार कमरे नहीं, प्रयोगशाला नहीं, छोटी सी जगह पर बच्चे अर्थशास्त्र, भूगोल, साइंस विषय ठीक से न शिक्षक पढ़ा व समझा पाते, न ही बच्चे पढ़ व समझ पाते, छात्र संख्या अधिक होने के कारण शिफ्ट में विद्यालय संचालित है, अतिरिक्त भवन निर्माण चूहे की चाल में ठेकेदार के द्वारा घटिया निर्माण कराया जा रहा है। उसमें भी एकदम क्वालिटी को नजर अंदाज करते हुए घटिया निर्माण के आरोप खूब लगते चले आ रहे है, पर जिम्मेदार विद्यालय भवन के निर्माण में बच्चों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा हैं। उपरोक्त इन सारी मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रभारी प्राचार्य को छात्र हित में ज्ञापन सौंपा गया हैं। साथ ही विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को जल्द पूरा किया जाए। व नवनिर्माण भवन को छात्रों के हित को देखते हुए प्रदान किया जाए। ज्ञापन सौंपने में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भाग संयोजक अमित पटेल जिला छात्रा प्रमुख दिव्या मिश्रा, नगर सहमंत्री सचिन दहिया, करुणा साहू, वर्षा बर्मन एवं समस्त परिषद के कार्यकर्ता रहे।

इंडियन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल बरही में शिक्षकों को किया गया सम्मानित

बरही, देशबन्धु। जिले के बरही नगर में संचालित इंडियन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल बरही जिला कटनी मध्य प्रदेश में कार्यरत शिक्षक, शिक्षिकाओं का अगस्त माह में उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, इस अवसर पर आई.पी.एस बरही के संस्थापक आर. एस. कामता जायसवाल ने बताया कि अगस्त 2026 में विद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों में प्री प्राइमरी की शिक्षिका सुमन सेन,श्रीमती ओमता पाटकर, प्राइमरी में साक्षी गुप्ता, मिडिल में पुष्पा जायसवाल,हाई स्कूल में शिवानी द्विवेदी एवं हायर सेकेंडरी में केमिस्ट्री के शिक्षक शिवकुमार राय को उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय की कोडायरेक्ट सुलक्षणा जायसवाल ,प्राचार्य उषा चौधरी ,वाइस प्राचार्य मोहम्मद हाशिम एवं पुष्पराज शर्मा वरिष्ठ शिक्षक एसपी गुप्ता सभी शिक्षक शिक्षिकाएं विद्यालय की हेड बॉय हेड गर्ल्स काउंसलिंग मेंबर्स एवं सभी छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के सम्मान में खुशी का इजहार करते शुभकामनाएं एवं बहुत-बहुत बधाइयां प्रेषित की।

सेवादल यंग ब्रिगेड की टीम ने की बाढ़ पीड़ितों की मदद

चित्रकूट सहित आसपास के कई गांवों में पहुंचकर मानवता के लिए बढ़ाए हाथ

कटनी, देशबन्धु। यंग ब्रिगेड जिला अध्यक्ष आदित्य जैन नमन ने बताया की सतना जिले में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित चित्रकूट सहित आसपास के कई गांवों में सेवादल यंग ब्रिगेड के पदाधिकारी एक बार फिर राहत और सेवा कार्य के लिए पहुंचे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश एवं बाढ़ पीड़ित परिवारों से किए गए वादे को निभाते हुए सेवादल यंग ब्रिगेड की टीम ने प्रभावित परिवारों के घरों में जमा कीचड़ की सफाई कर सामान को व्यवस्थित किया तथा जरूरतमंदों को राहत सामग्री वितरित की। बाढ़ के दौरान सेवादल यंग ब्रिगेड के पदाधिकारी सबसे पहले राहत सामग्री लेकर प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे थे। उस दौरान बाढ़ पीड़ितों ने वीडियो कॉल के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष को अपनी समस्याओं से अवगत कराया था। पीड़ित परिवारों ने बताया था कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद भी उनके घरों में घुटनों तक कीचड़ जमा है और घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा है। इस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सेवादल के कार्यकर्ताओं को प्रभावित परिवारों की मदद करने के निर्देश दिए थे। इसी निर्देश के पालन में सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी के नेतृत्व में टीम ने गांवों में पहुंचकर सफाई अभियान चलाया। कार्यकर्ताओं ने घरों से कीचड़ बाहर निकाला, सामान को व्यवस्थित किया और प्रभावित परिवारों को आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई। इस दौरान कहीं राशन, कहीं साडियां, कहीं चटाइयां तो कहीं तिरपाल सहित जरूरत की अन्य सामग्री वितरित की गई। सेवा कार्य में कटनी से पहुंचे सेवादल यंग ब्रिगेड जिला अध्यक्ष आदित्य जैन नमन , मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी, सोशल मीडिया प्रदेश कोऑर्डिनेटर रेवती रमण उरमालिया, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित सिंह बघेल, सतना जिला अध्यक्ष उदित तिवारी, सतना शहर अध्यक्ष रितेश विश्वकर्मा, सीधी जिला अध्यक्ष संजय साहू तथा सतना सेवादल के मुख्य संगठन बर्मन प्रताप सिंह सहित कटनी से कान्हा कुशवाहा, आयुष गुप्ता, जीत अग्रवाल, शिव बर्मन, आदि बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। राहत एवं सफाई कार्य पूरा होने के बाद प्रभावित परिवारों के चेहरों पर संतोष और मुस्कान देखने को मिली। कई बाढ़ पीड़ितों ने भावुक होकर सेवादल कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। किसी ने रोकर अपनी पीड़ा साझा की तो किसी ने कार्यकर्ताओं को गले लगाकर धन्यवाद दिया। कुछ लोगों ने सेवा कार्य में जुटे कार्यकर्ताओं को भगवान के समान बताया। सेवादल पदाधिकारियों ने बताया कि संगठन का उद्देश्य केवल आपदा के समय राहत सामग्री पहुंचाना नहीं, बल्कि प्रभावित परिवारों को उनके सामान्य जीवन में लौटने तक हरसंभव सहयोग देना है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कई ऐसे गांव और क्षेत्र हैं, जहां बाढ़ की गंभीर स्थिति के बावजूद न तो कोई राजनीतिक प्रतिनिधि पहुंचा और न ही प्रशासनिक स्तर पर पर्याप्त मदद पहुंच सकी। ऐसे स्थानों पर भी सेवादल यंग ब्रिगेड के कार्यकर्ता राहत सामग्री लेकर पहुंचे और जरूरतमंद परिवारों की मदद की। सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी ने कहा कि च्चाष्ट्रीय अध्यक्ष ने बाढ़ पीड़ितों की पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए जो वचन दिया था, उसे पूरा करना हम सभी का दायित्व था। सेवा दल केवल संगठन नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में जनता के साथ खड़ा रहने वाला परिवार है। जब तक प्रभावित परिवारों को आवश्यकता होगी, हमारे साथी उनकी मदद के लिए मैदान में मौजूद रहेंगे।

नाबालिग लड़कों से मजदूरी की आड़ में बिकवा रहे थे शराब

मारपीट के आरोपियों को पकड़ने गई पुलिस के हाथ लगी अवैध शराब

कटनी, देशबन्धु। माधवनगर थाना क्षेत्र में मजदूरी की आड़ में नाबालिग लड़कों से अवैध शराब बिकवाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 138 पाव शराब बरामद की है। वहीं मुख्य आरोपी फरार है। माधवनगर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 138 पाव देशी शराब जब्त की है। पुलिस ने मौके से एक युवक को गिरफ्तार किया, जबकि उसके साथ मौजूद किशोर बालक को भी पुलिस ने कार्रवाई में लिया है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 14,460 रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार 8 सितंबर की रात अमीरगंज में मारपीट की घटना के बाद आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम सघन अभियान चला रही थी। इसी दौरान अमीरगंज तालाब के पास एक युवक संदिग्ध हालत में अपने साथ एक किशोर बालक के साथ दिखाई दिया। पुलिस ने घेराबंदी कर मोहित बर्मन पिता छुन्नू बर्मन, उम्र 25 वर्ष, निवासी अमीरगंज को पकड़ा। उसके कब्जे और किशोर बालक के संयुक्त कब्जे से 105 पाव देशी प्लेन शराब और 33 पाव लाल मसाला शराब, कुल 138 पाव बरामद की गई। पुलिस की पूछताछ में आरोपी और किशोर बालक ने कथित तौर पर बताया कि फरार आरोपी सुशील यादव ने उन्हें शराब बेचने के लिए दी थी। पुलिस ने मामले में धारा 34(1) आबकारी एक्ट एवं धारा 49 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अब फरार आरोपी सुशील यादव की तलाश कर रही है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं डीएसपी (अजाक) कटनी शिवा पाठक के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी माधवनगर निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक राहुल सिंह तथा आरक्षक लोकेन्द्र, मणि सिंह, नवीन शुक्ला, ओमकार सिंह और नंदन कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शिक्षक पात्रता परीक्षा के तरीके पर सवाल

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने जताया ऐतराज

कटनी, देशबन्धु। *अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश एवं आयुक्त लोक शिक्षण की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त लोकशिक्षण ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप शिक्षक पात्रता परीक्षा ऑफलाइन ली जा रही है, जिसे आयोजित कराने में ईएसबी ने असमर्थता जताई है। चूंकि कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) द्वारा ऑफलाइन परीक्षा कराने से इनकार कर दिया गया है। अतः शिक्षकों की ऑफलाइन परीक्षा कराने के लिए विभाग कर्मचारी चयन मंडल के अलावा अब दूसरे विकल्पों पर काम कर रहा है और संभावना है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल के माध्यम से परीक्षा कराई जाएगी, लेकिन अभी इसका अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। अतः इस साल विभाग शिक्षकों की दो बार परीक्षा नहीं ले पाएगा। एक बार होने वाली परीक्षा 31 दिसंबर के पहले करा ली जाएगी। आयुक्त लोकशिक्षण ने यह भी कहा कि शिक्षक पात्रता परीक्षा देने से किसी शिक्षक की सीनियरिटी पर कोई असर नहीं होगा। यह परीक्षा सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करने के लिए ली जा रही है। वही दूसरी ओर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा में शामिल संगठनों के प्रांताध्यक्षों का कहना है कि जब विभाग के पास परीक्षा लेने वाली एजेंसी स्पष्ट नही है, शिक्षकों की वर्षवार, कैडरवार, विषयवार सूची उपलब्ध नही है, नियुक्ति और पदोन्नति प्राप्त शिक्षकों की सूची स्पष्ट नही है फिर विभाग किनकी और किस माध्यम से परीक्षा के लिए फार्म भरने की बात कह रहा है। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय संयोजक राकेश दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि मोर्चा ने स्पष्ट कर दिया है कि अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा पूर्णतः खिलाफ है क्योंकि मध्यप्रदेश में शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया अन्य प्रदेशों से भिन्न रही है। प्रदेश में शिक्षकों की नियुक्ति सदैव या तो संसद में पारित अधिनियम या सर्वोच्च न्यायालय की अनुमति या फिर परीक्षा के माध्यम से हुई है फिर ऐसे में पुनः परीक्षा औचित्यहीन है। मोर्चा ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि मध्यप्रदेश विधानसभा में भी तमिलनाडु सरकार की भांति शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरुद्ध प्रस्ताव पारित कर अध्यादेश हेतु केंद्र सरकार को भेजे। अतः विभाग अपने स्तर पर अपनी कार्यवाही करे लेकिन वर्ष 2010 में आरटीई अधिनियम लागू होने से पूर्व जितने भी शिक्षक नियुक्त हुए हैं, वे किसी भी परीक्षा में सम्मिलित नहीं होंगे। इसके साथ ही संयुक्त मोर्चा ने सभी शिक्षकों से अनुरोध किया है कि कोई भी शिक्षक परीक्षा का फॉर्म न भरे। बैठक में आयुक्त लोकशिक्षण अभिषेक सिंह, राज्य कर्मचारी संघ के महामंत्री जितेंद्र सिंह, अध्यापक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय संयोजक मंडल के जगदीश यादव, राकेश दुबे, राकेश नायक, डी के सिंगोर, राकेश पटेल, सहित जितेंद्र शाक्य, उपेंद्र कौशल, दिनेश शुक्ला, दर्शन ओढ़, हीरानंद नरवरिया, नीलेश आर्य उपस्थित रहे।*

कटनी में पारस जैन का आतिशी स्वागत

भाजयुमो के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के लिए उमड़ा युवा जोश, रेलवे स्टेशन से भाजपा कार्यालय तक निकाली शौर्य यात्रा

कटनी, देशबन्धु। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पारस जैन के स्वागत एवं अभिनंदन में मंगलवार को शहर में भव्य युवा शौर्य स्वागत यात्रा निकाली गई। मुख्य रेलवे स्टेशन से शुरू हुई यात्रा में बड़ी संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्ता, भाजपा पदाधिकारी और समर्थक शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों की गूंज, पार्टी के झंडों और कार्यकर्ताओं के जोशीले नारों के बीच निकली यात्रा ने शहर के प्रमुख मार्गों पर उत्साह का माहौल बना दिया। सायं करीब 4 बजे मुख्य रेलवे स्टेशन से स्वागत यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा के आगे बढ़ने के साथ ही विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पारस जैन का पुष्पमालाओं, पुष्पवर्षा और आतिशी स्वागत के साथ अभिनंदन किया। बड़ी संख्या में युवाओं की मौजूदगी और नारों से पूरा मार्ग भाजपामय नजर आया।

दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हुई महाआरती

स्वागत यात्रा कमानिया गेट स्थित प्रसिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पहुंची। यहां पारस जैन सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पूजा-अर्चना की। इसके बाद विधिवत महाआरती में सभी ने सहभागिता की। मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण के बीच कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं। इसके बाद यात्रा बरगवां होते हुए जिला भाजपा कार्यालय पहुंची, जहां स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पारस जैन का आत्मीय स्वागत किया।

युवा मोर्चा संगठन की रीढ़ : दीपक सोनी टंडन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने में युवा कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवा मोर्चा संगठन की रीढ़ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की गतिविधियों को और अधिक सक्रिय बनाने तथा सरकार एवं संगठन की योजनाओं और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। नवनियुक्त युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पारस जैन ने स्वागत के लिए सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा और दृढ़ता के साथ निर्वहन करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि जिले में युवा मोर्चा को और मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ योजनाबद्ध तरीके से काम किया जाएगा। अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने के साथ उन्हें पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं के सहयोग से युवा मोर्चा को जिले में नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम का समापन कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित अल्पाहार के साथ हुआ।

पदाधिकारियों और युवा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

भाजपा कार्यालय में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में जिला भाजपा के पदाधिकारियों सुनील उपाध्याय, सपना सरावगी, अंकिता तिवारी, अमरीश वर्मा, अम्बु सहित अन्य पदाधिकारियों ने पारस जैन का स्वागत किया। स्वागत यात्रा में युवा मोर्चा के शुभ सोनी, सचिन निषाद, संस्कार मिश्रा, शेंकी जैन, नकुल सचदेवा, राजा सोनी, आयुष पाण्डेय, रोहित जैन, नमन जैन, अमित तिवारी, यश खरे, साध्वी निगम सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता शामिल रहे।